## एक नजर में

### 71 किलो अफीम की तस्करी करने वाले दो तस्करों को 14-14 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो-दो लाख रूपयों का अर्थदण्ड

नीमच। श्रीमान् जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा 71 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले दो आरोपीगण (1) धर्मेन्द्र पिता वीरम गुर्जर, उम्र-30 वर्ष, निवासी-भगवानपुरा, ग्राम-डिकेन, थाना-रतनगढ़, जिला-नीमच एवं (2) भारत पिता रामनारायण गुर्जर, उम्र-43 वर्ष, निवासी-ग्राम देथल, थाना-कुकड़ेश्वर, जिला-नीमच को धारा 8/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 14-14 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 200000-200000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ए.डी.पी.ओ. रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27.05.2017 को पुलिस थाना नीमच सिटी में पदस्थ एस.आई. के. के. वसुनिया को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रेलर में चालक धर्मेन्द्र एवं उसके साथ भारत व गोपाल सोया डोडा की सफेद कट्टों के बीच में अवैध मादक पदार्थ अफीम छिपाकर भाटखेड़ा तरफ बायपास से होते हुवे पंजाब की तरफ तस्करों देने के लिये ले जा रहे हैं। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से उनके द्वारा फोर्स के साथ मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान फोरलेन पर पहुँचकर नाकेबंदी की गई। कुछ समय पश्चात् मुखबीर द्वारा बताया गया ट्रेलर आता हुवा दिखाई दिया, जिसको फोर्स की सहायता से रोका, जिसमें उक्त तीनो व्यक्ति बैठे हुवे थे। ट्रेलर की तलाशी लिये जाने पर उसमें डोडा की सफेद कट्टों के बीच में दो प्लास्टिक की पोलीथीन में कुल 71 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम छिपाकर रखी हुई थी, जिसको वाहन सहित जप्त कर व तीनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया जाकर अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में अन्य शेष आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र माननीय विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान आरोपी गोपाल के फरार हो जाने से उसके संबंध में निर्णय पारित नहीं किया गया है। विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अंतरराज्यीय अफीम तस्करी किये जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक श्री चंचल बहेती द्वारा की गई।

### रेगर समाज का निर्वाचन आज, दो प्रत्यक्ष के भाग्य का फैसला आज

### 114 गांव के 4000 मतदाता करेंगे मतदान

नीमच। रेगर समाज आमद मालवा मेवाड़ सकल चौकी भादवा माता के त्रिवार्षिक चुनाव जिसमें अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु दो उम्मीदवार नंबर एक कारु लाल बकोलिया निवासी कंजार्डा तथा दिलीप जाबडौलिया निवासी मंदसौर चुनाव मैदान में है। दोनों उम्मीदवार लगभग 15 दिनों से चुनाव प्रचार कर जीत को लेकर प्रयत्नशील है। निर्वाचन मतदान द्वारा आज 14 सितंबर 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक पाटीदार समाज धर्मशाला में लगभग 114 गांव के 4000 मतदाता दोनों उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान को संपन्न करने के लिए एक सहायक चुनाव अधिकारी नानूराम हिंदुनिया बघाना व 2 सेक्टर प्रभारी जगदीश चंद्र खटनावलिया, प्रोफेसर बघाना व दशरथ जरूटरिया, प्रोफेसर चीता खेड़ा बनाए गए हैं। चुनाव में चार मतदान केंद्र बनाए गए प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक पीठासीन अधिकारी व चार मतदान अधिकारी बनाए गए साथ ही एक महिला सहायक मतदान दल भी महिला पहचान हेतु बनाया गया है। चुनाव अधिकारी समरथमल कंसोटिया ने बताया कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में सहयोग हेतु 12 अतिरिक्त मतदान अधिकारी बनाए गए मतदान के दिन भोजन व्यवस्था समाज की ओर से रहेगी जो नाथू लाल सेवड़िया व बाबूलाल मादोरिया की देखरेख में संचालित होगी।

### सांदीपनि विद्यालय में उमंग दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

सिंगोली। स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए संचालित उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय, सिंगोली में उमंग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजन-अर्चन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इतेश व्यास एवं महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. सलोनी व्यास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोली उपस्थित रहे। डॉ. इतेश व्यास ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य व स्वच्छता संबंधी उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने संक्रामक बीमारियों से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, एचआईवी एड्स और डेंगू जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं, डॉ. सलोनी व्यास ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धुलाई और बीमारियों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उमंग दिवस पर विद्यालय में चित्रकला, रोल प्ले और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आरोग्य दूत एवं उमंग प्रभारी हर्षिता पुरोहित ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सोनू सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य किरण जैन, प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र प्रजापत, विनोद कुमार धोबी, शंकर लाल जाट, राघवेंद्र शर्मा, हितेश लक्षकार सहित अतिथि शिक्षक मधु शर्मा, अंजलि राठौर, रोशन सुथार, महेश दास, नितिन मालवीय एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्वच्छता को आपनाना है, शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाना है



नीमच। शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्य गण विगत 11 वर्षों से निरंतर अभियान चला कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य में जुटे हुए हैं अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने शनिवार दिनांक 13 सितंबर को प्रातः 8 से 10 बजे तक फुव्वारा चौक स्थित सुभाष वाटिका परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक पोलीथिन थैलियां, कांच की बोतले, फटे पुराने कपड़े, गंदा कचरा आदि एकत्रित कर ढेर लगाया गया, इसके पश्चात परिसर में रोपित पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार निकाली गई, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि वाटिका परिसर के आसपास अवैध गुमटियों से शहर एवं वाटिका की सुंदरता नष्ट हो रही है,

# कृषि मंडी परिसर बघाना से चारी गये नगदी 2 लाख को 24 घंटे के अंदर किया जब्त



नीमच। थाना बधाना पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना प तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कृषि उपजमंडी परिसर बघाना से चोरी गये नगदी 02 लाख रूपये को 24 घंटे के अंदर जमा करने में सफलता हासिल की है। दिनांक 11.09.2025 को थाना बधाना पर फरियादी मिठ्ठुलाल पिता कालूराम जी जाति जैन उम्र 63 साल निवासी धनेरिया रोड़ गोकूल धाम कालोनी बचाना द्वारा थाना उपस्थित होकर कृषि उपजमंडी परिसर बधाना में खड़ी उनकी टीवीएस वीगो स्कूटी की डिक्की में रखे नगदी 02 लाख रूपये को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर से थाना बघाना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कमांक 299/11.09.2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। उक्त प्रकरण संपत्ति संबंधी गंभीर प्रकृति का होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार थाना बघाना पुलिस द्वारा तीन अलग - अलग टीम बनायी जाकर तत्काल पतारसी प्रारंभ की गई। मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि सीसीटीव्ही कैमरा के हुलिया अनुसार अज्ञात आरोपी ग्राम बिसलवास रोड बालाजी मंदिर के पीछे अन्य घटना घटीत करने के लिए बैठकर प्लान बना रहे है मुखबीर सूचना त्वरित होने से तुरंत नाकाबंदी कर ग्राम बिसलवास रोड बालाजी मंदिर पर घेराबंदी करते उपरोक्त घटना के सीसीटीव्ही कैमरा में नजर आ रहे हुलिया के तीन व्यक्ति अचानक मोके पर पुलिस को देखकर मोटर सायकल लेकर भागे जिनका घेराबंदी व पीछा करते तीनो व्यक्ति नदी नाला व जंगल के रास्ते से भागने में कामयाब हो गये तथा तीनो व्यक्ति द्वारा हडबडाहट में मोके पर छोडकर भागे थैले को चेक करते थैले के अंदर रखे रूमाल में अंदर नगदी 02 लाख रूपये व फरियादी की फर्म चुन्नीलाल चंपालाल का एयु स्माल फायनेंस बैंक का एकाउंट स्टेटमेंट होना पाया जिस पर से फरियादी मिठ्ठुलाल जैन को मोके पर तलब कर उक्त रूमाल व रूमाल के अंदर नगदी 02 लाख रूपये व स्टेटमेंट का अवलोकन करवाते फरियादी द्वारा दिनांक 11.09.2025 की चोरी की घटना का मश्रुका होना पाया जिसे अपराध सदर में जप्त किया गया।

फरार आरोपी 01 विकास पिता सेवकराम निवासी ग्राम मुंगावली हाल. ग्राम कडीया जिला राजगढ़

02 प्रशांत पिता पोला निवासी कडिया सांसी जिला राजगढ

03 प्रशांत पिता गणेश निवासी गुलखेडी जिला राजगढ उक्त आरोपीगण के बारे में जानकारी ली गई जो जिला राजगढ से भी वर्तमान में फरार है और आदतन अपराधी है जिनकी गिरफतारी हेतु टीमें रवाना की गई। सराहनीय भूमिका -निरी नीलेश अवस्थी ,उनि रामकिशन सिंघावत, प्रआर कमल तिवारी ,आर. पंकज पाटीदार, आर. राहुल ढाबी ,आर. ओमप्रकाश पारगी ,आर. राहुल चंदेल, आर. प्रियांक शर्मा, आर. चेतनसिंह, आर. भरतलाल पाटीदार आर. गिरधारी लाल, आर .नेपालसिंह का सराहनीय योगदान रहा।



## इनरव्हील डायमंड की पहल मेरी किताब पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया प्रकल्प सम्पन्न

**नीमच। इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा गोद लिए गए शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में मण्डल स्तर पर प्राप्त परियोजना मेरी किताब - पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया के अंतर्गत छात्राओं को 500 से अधिक रजिस्टर का वितरण किया गया।**

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकों का अध्ययन जीवन में सबसे बड़ा निवेश है। किताबें ही बच्चों को नई दिशा और बेहतर व्यक्तित्व प्रदान करती हैं। इसी सोच के साथ यह परियोजना चलाई गई है। विद्यालय की प्राचार्य व स्टॉफ ने भी उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब द्वारा छात्राओं को इतने रजिस्टर प्राप्त कराने से छात्राओं की अध्ययन में और अधिक रुचि बढ़ेगी तथा परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण प्रकल्प क्लब की एडिटर श्रीमती शिवांगी जैन के सहयोग से संपन्न हुआ। क्लब ने उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में क्लब सचिव पायल गुर्जर कोषाध्यक्ष दिव्या जैन आई.पी.पी.पूजा खण्डेलवाल उपाध्यक्ष रिंकी तापड़िया,पलक खण्डेलवाल ,दीपिका खण्डेलवाल,रिंकू प्रजापति,प्रियंका नागदा,जयंती एनिया सहित बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# बघाना ओवरब्रिज निर्माण को लेकर विधायक को ज्ञापन

**नीमच। बघाना क्षेत्र के सर्वधर्म समाज के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने शनिवार को विधायक निवास पहुंचकर विधायक दिलीप परिहार को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बघाना ओवरब्रिज का निर्माण सही और पूर्व निर्धारित स्थान पर शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि बघाना की समस्त समाज, विभिन्न राजनैतिक दलों के पार्षद तथा स्थानीय नागरिक लंबे समय से ओवरब्रिज की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र की बढ़ती आबादी और यातायात की समस्याओं को देखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण अब टालना संभव नहीं है।**



प्रतिनिधियों ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका था, लेकिन कुछ बाहरी लोगों द्वारा आपत्तियां दर्ज कराए जाने के कारण कार्य रुक गया। इससे क्षेत्र की जनता एक बार फिर अधर में लटक गई है और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान अधूरा रह गया है।

ओवरब्रिज की ज़रूरत और चेतावनी ज्ञापन में कहा गया कि ओवरब्रिज न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा के लिहाज़ से भी यह अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि कार्य में पुनः बाधा उत्पन्न की गई, तो बघाना के निवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

जनता को चाहिए आश्वासन और शीघ्र समाधान प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दिलीप परिहार से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक निर्णय लें और जनता को विश्वास दिलाएं कि कार्य में अब कोई अड़चन नहीं आएगी।

उनका कहना है कि यदि ओवरब्रिज का निर्माण सही स्थान पर होता है, तो यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा। गलत निर्णय से क्षेत्र में अव्यवस्था और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

जनता को है सकारात्मक कदमों की उम्मीद बघाना वासियों ने आशा व्यक्त की कि विधायक उनकी मांगों पर शीघ्र संज्ञान लेंगे और ठोस कदम उठाकर ओवरब्रिज कार्य को पुनः गति देंगे। यह ओवरब्रिज न केवल एक निर्माण परियोजना है, बल्कि बघाना क्षेत्र के विकास की नींव भी है।

## थैलेसीमिया पर पहली बार राष्ट्रीय सम्मेलन, देशभर से जुटे विशेषज्ञ व मरीज

**नीमच।** थैलेसीमिया जैसी गंभीर और जीवनभर प्रभावित करने वाली बीमारी के प्रभावी प्रबंधन और जन-जागरूकता को लेकर नीमच में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश थैलेसीमिया जनजागृति समिति, थैलेसीमिया एंड सिकल सेल वेलफेयर सोसायटी, नीमच तथा अन्नपूर्णा सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 13 और 14 सितंबर को टाउन हॉल, दशहरा मैदान में यह महत्वपूर्ण आयोजन हुआ।



इस सम्मेलन में देशभर से करीब 175 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे, उनके परिजन और 100 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही, थैलेसीमिया चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े 16 प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉक्टर भी विशेष रूप से नीमच पहुंचे। यह सम्मेलन न केवल चिकित्सा दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक सरोकारों और जन-संवेदना की दृष्टि से भी एक ऐतिहासिक कदम रहा।आयोजन समिति के संयोजक राकेश पप्पू जैन ने बताया कि थैलेसीमिया बच्चों से उनका बचपन छीन लेता है। शरीर में रक्त निर्माण न होने के कारण मरीजों को बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है। अकेले नीमच जिले में ही 60 से 70 बच्चे इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में यह सम्मेलन थैलेसीमिया के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम है।

थैलेसीमिया एवं सिकल सेल वेलफेयर सोसायटी के संरक्षक व अध्यक्ष सत्येन्द्रसिंह राठौड़ ने कहा, थैलेसीमिया के साथ भी बेहतर जीवन जिया जा सकता है, बशर्ते समय पर निदान और उचित उपचार मिले। इसी सोच के साथ सम्मेलन का उद्देश्य व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाना और पीड़ित परिवारों को हिम्मत देना है।

सम्मेलन में शामिल विशेषज्ञों ने थैलेसीमिया रोग प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

डॉ. दिनेश पेंढारकर (फरीदाबाद), डॉ. दिनेश भुरानी (नई दिल्ली), डॉ. रूबी खान (भोपाल), डॉ. सुनील भट्ट (बेंगलुरु), डॉ. सुनीत लोकवानी (इंदौर), डॉ. प्रीति मालपानी (इंदौर), डॉ. मेजर अजीत प्रताप सिंह, डॉ. मुस्तफा अली, डॉ. सुजाता गुप्ता, डॉ. महेंद्र पाटिल, डॉ. कृष्णकुमार कारपेंटर, डॉ. सुदर्शन गुप्ता, डॉ. अपूर्व चौहान, डॉ. लाड़ धाकड़, डॉ. आर.के. खद्योत (नीमच), डॉ. वैभव शाह, डॉ. ज्वेल बेंकर (अहमदाबाद), डॉ. अर्पित मित्तल (उदयपुर) आदि।पहले दिन विशेषज्ञों ने पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ संवाद कर बीमारी की गंभीरता, उपचार की दिशा, बोन मैरो ट्रांसप्लांट की संभावना, और जीवनशैली में जरूरी सावधानियों पर जानकारी दी। दूसरे दिन, रविवार को विशेष ओपीडी का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## 550 किलो डोडाचूरा जब्त मामले में मुख्य सप्लायर भोपाल सिंह गिरफ्तार, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

नीमच। जिले के जीरन थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए 550 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा की तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश यादव के नेतृत्व में की गई।



दिनांक 11 सितंबर 2025 को जीरन पुलिस ने हर्कियाखाल फंटा फोरलेन हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 09 के डी 6519 को रोका। पिकअप से 22 प्लास्टिक की बोरियों में कुल 550 किलो डोडाचूरा बरामद कर मौके से तीन आरोपियों विकास पिता राजूलाल भील (उम्र 18) दिलीप पिता भारत सिंह सोंधिया (उम्र 28) अजयसिंह पिता भोपाल सिंह सोंधिया (उम्र 18) को गिरफ्तार किया था।

मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी -

तीनों आरोपियों से पूछताछ में यह सामने आया कि यह मादक पदार्थ भोपाल सिंह पिता रघुवीर सिंह सौधिया राजपूत, निवासी काचरिया कदमाला, थाना नारायणगढ़, जिला मंदसौर से लाया गया था। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए दिनांक 12 सितंबर 2025 को आरोपी भोपाल सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया

**एक नजर** | **इनरव्हील ने मनाया हिंदी दिवस**

# हिंदी छात्र को अनपढ़ से ज्ञानी बनाती हैं : डॉ. माधुरी चौरसिया

**नीमच। हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिंदी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलवाई हैं। भारत में यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक समझी जाती हैं। हिंदी भाषा हमारी संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिम्ब है। पूरे विश्व के लोग हिंदी पढ़ने, समझने एवं हिंदुस्तान की संस्कृति को जानने एवं पहचानने के लिए हमारे देश में आ रहे हैं।**



अत: आज हम सब यह संकल्प लें कि हम सदा इसका मान बढ़ायेंगे इसे आत्मसात करेंगे। मोबाईल वार्तालाप सब देवनागरी में करेंगे। सभी प्रतिष्ठानों के नाम हिंदी में लिखेंगे। व्यापार, व्यवसाय की भाषा हिंदी होगी। हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा नहीं मानेंगे एव उसे बोलने-सीखने में गर्व की अनुभूति करेंगे।

उक्त विचार इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमाकं 02 में हिंदी दिवस के कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.आर.पी.एफ. से समाज सेवी रजनी दत्ता, सी.सी.सी. चेयरमैन पी.डी.सी. संगीता जोशी, प्रमुख वक्ता डॉ. माधुरी चौरसिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इनरव्हील प्रार्थना का वाचन कोषाध्यक्ष अलका चड्ढा ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत कौर छाबड़ा ने प्रदान किया।

इस अवसर पर रजनी दत्ता ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा में ही बच्चों को पढ़ाना चाहिए। मातृभाषा के माध्यम से ही उनका मानसिक विकास होता हैं।

हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में सभी छात्रों की प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग में सुन्दर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरूस्कार प्रदान किये गए।

छात्रों के लिए हिंदी भाषा में जुड़े प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेताओं को ज्ञानोदय द्वारा पुरूस्कार वितरित किये गए।

हिंदी दिवस के अवसर पर समाजसेवी रजनी दत्ता के आर्थिक सहयोग से विद्यालय के खेल मैदान में तीन सोलर लाईट लगायी गई। वहीं दूसरी ओर सुनीता डबकरा, शारदा तौर, अंजु जैन एवं फारूख जी के आर्थिक सहयोग से पानी की मोटर लगवा कर पाइप लाईन बिछवाई गई।

कार्यक्रम में शशि मोगरा, बीना खंडेलवाल, शोभा तोतला, प्रीति ग्रोवर, संगीता दुआ, सीमा अरोरा, रजिया अहमद, कुसुम कदम, रागिनी कालरा एवं सुमन अहीर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष तृप्ति दुआ ने किया एवं आभार पूर्व अध्यक्ष हेमांगिनी त्रिवेदी ने माना।